


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 Follow us on:/ PLANET NEWS INDIA planetnewsindia@gmail.com


# एस्टेरॉयड-2025 ओजेड पृथ्वी के बेहद करीब से सुरक्षित गुजरा



यह क्षुद्रग्रह भारतीय समयानुसार 24 जुलाई की सुबह लगभग 7:36 बजे अपने निकटतम बिंदु करीब 33.4 लाख किलोमीटर की दूरी से पृथ्वी के पास से गुजरा। इसकी गति लगभग 31,000 मील प्रति घंटे (लगभग 50,000 किमी प्रति घंटे) रही।पृथ्वी के पास से गुजरने वाला 180 फुट लंबा एस्टेरॉयड '2025 ओजेड' बिना किसी टक्कर या खतरे के सुरक्षित रूप से गुजर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो सहित दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है।नासा के अनुसार, यह क्षुद्रग्रह भारतीय समयानुसार 24 जुलाई की सुबह लगभग 7:36 बजे अपने निकटतम बिंदु करीब 33.4 लाख किलोमीटर की दूरी से पृथ्वी के पास से गुजरा। हालांकि, यह दूरी खगोलीय पैमाने पर निकट मानी जाती है, लेकिन यह किसी तरह के टकराव के लिए अधिक सुरक्षित मानी जाती है। इसकी गति लगभग 31,000 मील प्रति घंटे (लगभग 50,000 किमी प्रति घंटे) रही। 2025 ओजेड न तो आकार में और न ही दूरी में नासा की संभावित खतरनाक वस्तु ( पोटेंशियल हैजार्डस ऑब्जेक्ट) की श्रेणी में आता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस श्रेणी में किसी एस्टेरॉयड को शामिल करने के लिए उसकी पृथ्वी से दूरी 74 लाख किलोमीटर से कम और व्यास 85 मीटर से अधिक होना चाहिए।इसरो ने भी इस खगोलीय घटना पर निगरानी रखी और कहा, वह 2029 में पृथ्वी के और भी पास

## मुंबई में बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित



मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई जगहों से जलभराव की तस्वीरें सामने आई हैं। स्थानीय अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घरों से बाहर निकलने से बचें।मौसम विभाग ने तटीय इलाकों में जाने से बचने की हिदायत दी है। मुंबई के अधिकारियों ने कहा है कि लोगों को सावधानी से गाड़ी चलाने की एडवाइजरी भी जारी की गई है। संबंधित विभागों के अधिकारियों के मुताबिक अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद और सतर्क हैं। आपात स्थिति में मुंबईवासियों को सहायता के लिए 100/112/103 नंबर डायल करने को कहा गया है।

## बच्चों के विकास के लिए साथ आए यूनिसेफ



बैठक में एसोचेम, बीसीसीआई, भारत चेंबर, फिक्की, एमसीसीआई और सीआईआई (ईस्टर्न रीजन) के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार और यूनिसेफ के अधिकारी शामिल हुए। सभी ने बच्चों के भविष्य और उनके पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए निवेश की इच्छा जताई।यूनिसेफ, पश्चिम बंगाल सरकार और कॉर्पोरेट क्षेत्र मिलकर पश्चिम बंगाल में पहली बार बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनसे जुड़ी प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए साझा प्रयास करेंगे। यह घोषणा यहां आयोजित एक कॉरपोरेट राउंडटेबल 'मैचिंग ग्रांट्स टू नीड्स' कार्यक्रम में किया गया, जिसका आयोजन यूनिसेफ ने पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया था। इस बैठक में एसोचेम,

## पटना हाईकोर्ट की महिला कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत,



मृतक काजल मिलन



डॉक्टर शिप्रा सिंह

**पटना हाईकोर्ट की महिला कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप**

**राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित प्रसिद्ध ज्योति पुंज अस्पताल एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है**, जब पटना हाईकोर्ट में कार्यरत महिला कर्मचारी काजल मिलन की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है और एसके पुरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।मूल रूप से नवादा निवासी काजल मिलन गर्भवती थीं और प्रसव के लिए सोमवार को उन्हें ज्योति पुंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, डिलीवरी के कुछ समय बाद ही काजल की तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने समय पर कोई उचित इलाज नहीं किया। देर रात उनकी मौत हो गई।मृतका के भाई डॉ. मनीष मिलन ने बताया कि उनकी बहन चार घंटे तक दर्द से तड़पती रही लेकिन न तो कोई सीनियर डॉक्टर देखने आया और न ही समय पर इलाज शुरू किया गया। जब स्थिति बिगड़ गई, ओर उसकी मौत हो गए,काजल के पति डॉ. रवि कुमार खुद एक फिजिशियन हैं और वर्तमान में चंडीगढ़ में पदस्थापित हैं। इस दुखद घटना के बाद परिवार में गहरा आक्रोश है।इस पूरे मामले को लेकर एसके पुरी थानेदार प्रभात कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की इलाज के दौरान मौत की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा दी गई शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## Embassy Fraud: फर्जी दूतावास से बरामद डायरी ने खोले हर्षवर्धन के राज



एसटीएफ के छापे के दौरान फर्जी दूतावास से टीम को एक डायरी बरामद हुई है। इस डायरी में आरोपी हर्षवर्धन के जीवन का लेखाजोखा है।कविनगर जैसी पॉश कॉलोनी में फर्जी दूतावास चलाने वाले हर्षवर्धन जैन की जड़े कई सफेदपोश, आपराधिक प्रवृत्ति और विदेशियों से जुड़े हैं। एसटीएफ के छापे के दौरान फर्जी दूतावास से टीम को एक डायरी बरामद हुई है। इस डायरी में आरोपी हर्षवर्धन के जीवन का लेखाजोखा है। कई देशों के लोगों के नाम और फोन नंबर भी लिखे हैं। विदेशों में कितनी कंपनियां हैं और कितने बैंक खाते हैं, पैसों का लेनदेन और निजी जानकारी भी इस डायरी में हर्षवर्धन ने लिख रखे हैं।

## धोखाधड़ी के लिए बनाया मोबाइल एप



धोखाधड़ी की योजना 'शेयरहैश' मोबाइल एप के माध्यम से संचालित की गई थी। इसमें क्रिप्टो करेंसी माइनिंग के माध्यम से आकर्षक रिटर्न के वादों के साथ सैकड़ों भोले-भाले निवेशकों को लुभाया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), बंगलूरू जोनल कार्यालय ने कोटाटा टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संस्थाओं के माध्यम से आरोपियों द्वारा किए गए एक तकनीक-सक्षम साइबर निवेश घोटाले के मामले में अस्थायी रूप से 7.02 करोड़ रुपये (लगभग) संलग्न किए हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत संलग्न की जा रही राशि विभिन्न संस्थाओं के 29 बैंक खातों में बैंक बैलेंस के रूप में पड़ी थी। धोखाधड़ी की योजना 'शेयरहैश' मोबाइल एप के माध्यम से संचालित की गई थी। इसमें क्रिप्टो करेंसी माइनिंग के माध्यम से आकर्षक रिटर्न के वादों के साथ सैकड़ों भोले-भाले निवेशकों को लुभाया गया। इसका मकसद, शेल कंपनियों और लॉन्ड्रिंग चैनलों

# Aaj Ka Rashifal 25 July

## वृषभ और तुला समेत इन चार राशि वालों की चमकेगी किस्मत

25 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 25 जुलाई 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए कुछ उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप काम को लेकर काफी खुश रहेंगे, लेकिन वैवाहिक जीवन में समस्याएं आपका सिरदर्द बनी रहेंगी। आपको अपने पार्टनर की बातों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में रहेगा, लेकिन आप उन्हें किसी बात को लेकर धोखा ना दें। आप अपने घर किसी इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। राजनीतिक की तरफ कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है।

### वृषभ

आज आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपकी कोई मन की इच्छा भी पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई जिम्मेदारी वाला काम मिलने से उसमें आपको अपने जूनियर का पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांति बनाने की पूरी कोशिश करें, लेकिन वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आज आपका कोई प्रॉपर्टी को लेकर कानूनी मामला सुलझेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए धन संपत्ति के मामले में अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कार्यक्षेत्र में किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। आपके मन में काम को लेकर यदि कोई आईडिया आये, तो आप उसे तुरंत आगे न बढ़ाएं। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला सुलझेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग पर प्रशस्त होंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव को करने की सोचेंगे। आपको नौकरी को लेकर भी कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। संतान के करियर को लेकर आप उन्हें कोई दूसरा कोर्स ज्वाइन करा सकते हैं। आपके घर परिवार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपकी सामाजिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आपको साझेदारी में कोई काम करने से बेहतर लाभ मिलेगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए करियर के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुराने निवेश से बेहतर लाभ मिल सकता है, लेकिन पारिवारिक समस्याएं आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी, जिन्हें आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ भी बनी रहेगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकालना होगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, जिससे एक दूसरे को जानने का बेहतर मौका मिलेगा। आपकी कोई धार्मिक काम करने की इच्छा थी, तो वह पूरी हो सकती है। आप इमोशन में आकर कोई फैसला न लें। आप कुछ नया करने की कोशिश करें, तो बेहतर रहेगा, लेकिन इसमें आपको कोई भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। आप किसी सरकारी योजना में धन लगा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। बिजनेस में आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती हैं। आप अपनी आय को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने ना दें। आपको अपने बजट पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है और आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके दिए गए सुझावों से काफी खुश होंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आज आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन इससे आपको कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है। किसी दूर रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप संतान के कहने पर किसी नये वाहन के खरीदारी कर सकते हैं। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो आप उसमें ढील बिल्कुल ना दें। परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकता है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे, लेकिन काम को लेकर कुछ चुनौतियां बनी रहेंगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे और आपका रिश्ता और गहरा होगा। आपने यदि किसी को धन दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई भी लेनदेन थोड़ा सोच विचारकर करें। आप परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

### मकर

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। आप किसी बात को लेकर आज स्ट्रेस ना लें। करियर में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको किसी पैतृक संपत्ति की भी प्राप्ति हो सकती है। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो उसके भी दूर होने की संभावना है। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुश होंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### कुंभ

आज का दिन बिजनेस करने के लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालना होगा। आप अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान दें। आप किसी काम के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। आज आपको जरूरी सामानों पर पूरा ध्यान देना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने की संभावना है। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। पिताजी का आपको उसमें पूरा सहयोग मिलेगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी आस-पड़ोस में हो रहे लड़ाई-झगड़े में ना पड़ें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में कुछ नई समस्या खड़ी हो सकती हैं, जिन्हें आपको मिल बैठकर दूर करना होगा।

आज शुक्रवार, 25 जुलाई है। आज के दिन चंद्रमा कर्क राशि में संचरण कर रहे हैं। आज के दिन पुष्य नक्षत्र और सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। इसके अलावा आज गौरी योग का भी संयोग बन रहा है। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक आज के दिन कर्क, सिंह, कन्या और धनु राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष लाभदायक रहेगा। मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा, आइए जानते हैं की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# UP: दहेज प्रथा

**भव्य शादियों और धर्मांतरण पर अंकुश लगाएगी नई हिंदू आचार संहिता, काशी विद्वत परिषद ने की जारी**



काशी विद्वत परिषद ने नई हिंदू आचार संहिता जारी की। इसके जरिये दहेज प्रथा, भव्य शादियों और धर्मांतरण पर अंकुश लगाने की कवायद की जाएगी। काशी विद्वत परिषद ने हिंदू परंपराओं और सामाजिक व्यवहार में सुधार के लिए एक नई हिंदू आचार संहिता जारी की है। 400 पन्नों के इस दस्तावेज को देश भर के विद्वानों, शंकराचार्यों, महामंडलेश्वरों और संतों के साथ लंबे विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। नई संहिता में दहेज पर पूर्ण प्रतिबंध, शादियों में फिजूलखर्ची पर रोक और दिन में वैदिक तरीके से विवाह करने की सलाह दी गई है। अंतिम संस्कार के बाद होने वाले भोज में केवल 13 लोगों को शामिल करने की सीमा तय की गई है। इसके साथ ही प्री-वेडिंग शूट और सगाई जैसी आधुनिक प्रथाओं को भी हतोत्साहित किया गया है। संहिता में हिंदू धर्म में वापसी की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। जिन लोगों ने किसी दबाव में धर्म परिवर्तन कर लिया था, वे लोग अपने गोत्र और नाम सहित हिंदू धर्म में वापस लौट सकेंगे। इसके साथ ही मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंदिरों के गर्भगृह में केवल पुजारियों और संतों के प्रवेश की अनुमति होगी।काशी विद्वत परिषद के महासचिव राम नारायण द्विवेदी ने बताया कि इस संहिता को 70 विद्वानों द्वारा विकसित किया गया है। ये विद्वान 11 टीमों और तीन उप-टीमों में विभाजित थे। प्रत्येक टीम में उत्तरी और दक्षिणी भारत के पांच विद्वान शामिल थे। संहिता को अंतिम रूप देने के लिए 40 से ज्यादा बैठकें आयोजित की गईं। उन्होंने बताया कि इस संहिता की 5 लाख प्रतियां पूरे देश में बांटी जाएंगी। इस संहिता को तैयार करने में मनुस्मृति, पराशर स्मृति, देवल स्मृति के साथ-साथ गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों के अंशों को शामिल किया गया है। अक्टूबर 2025 में शंकराचार्यों, रामानुजाचार्यों और प्रमुख संतों की स्वीकृति के बाद इस संहिता को आधिकारिक तौर पर लागू किया जाएगा।

# बाइक सवार को बचाते सड़क से खेतों में जा गिरी बस

## 8 की मौत और 21 घायल, पीएमओ से आर्थिक राहत की घोषणा





प्रधानमंत्री कार्यालय ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में हुई बस दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र में वीरवार को हिमाचल परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चार महिलाओं समेत आठ की मौत हो गई है। बस में कुल 29 लोग सवार थे। चालक-परिचालक समेत 21 सवारियां घायल हैं। हादसा सुबह करीब 9:45 बजे हुआ। बस सरकाघाट से दुर्गापुर वाया जमणी जा रही थी। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से हताहतों और घायलों के लिए अनुग्रह राहत की घोषणा की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरकाघाट के मसेरन के नजदीक तरांगला में एक बाइक सवार को बचाते समय चालक ने जैसे ही बस हल्की से बाहर निकाली तो सड़क का डंगा धंस गया। डंगा धंसने से बस तीन पलटे खाकर करीब 60 मीटर नीचे खेतों में जा गिरी। बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ यात्री बाहर छिटक गए जबकि कुछ बस के भीतर ही दब गए। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। चादर और कंबल के स्ट्रेचर बनाकर लोगों ने घायल यात्रियों को सड़क तक पहुंचाना शुरू किया।एंबुलेंस और निजी वाहनों से घायलों को सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया। यहां से गंभीर घायल यात्रियों को मेडिकल कॉलेज नेरचौक, बिलासपुर एम्स और हमीरपुर के लिए रेफर किया गया। हादसे में जख्मी पांच यात्रियों को सिविल अस्पताल सरकाघाट, दो को राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक और एक को एम्स में मृत घोषित किया गया।

# ऋचा और फजल बने 'सीक्रेट ऑफ माउंटेन सर्पेंट' के निर्माता, यहां होगा फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर





Richa Chadha Ali Fazal Becomes Producers: ऋचा चड्ढा और अली फजल के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'सीक्रेट ऑफ माउंटेन सर्पेंट' में 1990 के दशक की एक हैरतअंगेज कहानी दिखाई गई है। ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के बेहतरीन कपल हैं। दोनों ने फिल्म 'फुकरे' में साथ में काम किया है। अब दोनों निर्माता के तौर पर अपना करियर शुरू कर चुके हैं। वह अपने प्रोडक्शन बैनर 'पुशिंग बटन स्टूडियोज' के तहत फिल्म 'सीक्रेट ऑफ माउंटेन सर्पेंट' का प्रोडक्शन कर रहे हैं। वैराइटी के मुताबिक इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2025 में होने वाला है। फिल्म 'सीक्रेट ऑफ माउंटेन सर्पेंट' का निर्देशन निधि सक्सेना ने किया है। इससे पहले सक्सेना ने 'सैड लेटर्स ऑफ एन इमेजिनरी वुमन' का निर्देशन किया था। इस फिल्म का बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था

# Manoj Kumar

## 19 साल में निभाया 90 साल के भिखारी का रोल, इसलिए भगत सिंह की मां से मिलने पहुंच गए थे मनोज कुमार





"अगर मैं किसी भी फिल्म में देश के लिए कुछ कर सकता हूं, तो मैं खुद को 'भारत कुमार' ही मानूंगा।" ये कहना है बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, निर्माता-निर्देशक और राइटर मनोज कुमार का, जिन्हे 'भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता है। इस नाम को लेकर भी उनका कहना था कि 'ये नाम काफी जिम्मेदारियां देता है। इस नाम के साथ आपको रहना भी इस नाम के माफिक ही पड़ता है।'कभी कैमरे को तोप का गोला समझकर घबरा जाने वाला 19 साल का लड़का बाद में बॉलीवुड का वो एक्टर-निर्देशक और निर्माता बन जाता है, जिसे खुद प्रधानमंत्री फिल्म बनाने की सलाह देते हैं। मनोज कुमार की आज 88वीं जयंती है।

# Adivi Sesh-Mrunal Thakur

## 'डकैत' के सेट पर चोटिल हुए मृणाल-अदिवि शेष, एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान हुआ हादसा



Adivi Sesh Gets Mrunal Thakur: मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष अपनी आगामी फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कथा' की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चोटिल होने के बावजूद दोनों ने शूटिंग जारी रखी।अभिनेता अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में हैं। वे फिल्म की शूटिंग में जुटे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों सितारे सेट पर शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं। दरअसल, फिल्म के हाई ऑक्टेन सीन की शूटिंग के दौरान हादसा हुआ। हालांकि, दोनों सितारों या मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के सेट पर हुए हादसे में मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष को मामूली चोट आई हैं। दोनों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया। तेलुगु 360 की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना हैदराबाद में एक हैरतअंगेज एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान हुई। दोनों कलाकारों ने इस घटना के बावजूद फिल्म की शूटिंग जारी रखी। इससे फिल्म के प्रति दोनों के डेडिकेशन का पता चलता है।सिनेमैटोग्राफर शेनिल देव इस फिल्म के साथ बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। अदिवि शेष ने शेनिल देव के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा पर काम किया है। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के दौरान रिलीज होगी। मई में फिल्म का टीजर जारी किया गया था। टीजर में मृणाल और अदिवि शेष के साथ-साथ अनुराग कश्यप भी अहम कास्ट के रूप में नजर आए। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा।

# Salman Khan: जान से मारने की धमकी नहीं



Bulletproof Glass at Salman Khan Balcony: अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में बुलेटप्रूफ ग्लास लगे हुए हैं। माना जाता है कि एक्टर को मिली जान से मारने की कथित धमकियों के बाद सुरक्षा के मद्देनजर इन्हें इंस्टॉल कराया गया। मगर, ऐसा नहीं है। वजह कुछ और है बीते वर्ष अभिनेता सलमान खान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के बाद उनकी सुरक्षा पुख्ता कर दी गई है। इसके बाद उनकी बालकनी में भी बुलेटप्रूफ शीशे लगे हुए हैं। सलमान खान हर साल ईद के मौके पर गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी से फैंस से मिलते हैं। मगर, इस बार भाईजान और फैंस की मुलाकात के बीच बुलेटप्रूफ शीशा रहा। ऐसा क्यों किया गया, इस बारे में खुद सलमान खान ने खुलासा किया है।अभिनेता के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना और फिर उन्हें मिलीं जान से मारने की धमकियों के बीच उनकी सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। मगर, घर की बालकनी में बुलेटप्रूव शीशे इस वजह से नहीं लगाए गए। असल वजह कुछ और है। सलमान खान ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि अपनी बालकनी को ढकने की असली वजह यह थी कि लोग उनसे मिलने की उम्मीद में ऊपर चढ़ जाते थे और वहीं रुक जाते थे। सलमान खान ने बताया, 'मैं उन्हें (लोगों को) वहीं सोते हुए पाता था'।

# पवन कल्याण की फिल्म के प्रीमियर शो में फैंस ने मनाया जश्न,



साउथ के चर्चित अभिनेता पवन कल्याण और आंध्र प्रदेश के मौजूदा डिप्टी सीएम पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के प्रीमियर शो पर पवन कल्याण के फैंस थिएटर के बाहर जश्न मनाते दिखे।दक्षिण भारत में फिल्मी कलाकारों को लेकर अलग तरह की दीवानगी नजर आती है। अपने पसंदीदा कलाकार की फिल्म रिलीज से पहले या बाद में फैंस अलग ही ढंग से रिएक्ट करते हैं। पवन कल्याण के फैंस भी 'हरि हर वीरा मल्लू' के प्रीमियर शो पर ढोल बजाते, नाचते-गाते दिखे। एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में पवन कल्याण के फैंस खुशी से झूमते नजर आए। एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण के फैंस उनकी फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' के प्रीमियर शो के लिए पार्वतीपुरम मान्यम जिले के सिनेमाघरों के बाहर जमा हुए। सिनेनाघरों के बाहर नाचते-गाते और जश्न मनाते हुए फैंस नजर आए। पवन कल्याण की फिल्म के पोस्टर के आगे खड़े होकर फैंस खुशी से नाच रहे थे। पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर उनके फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज है। फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की कहानी में वीर मल्लू नाम का एक योद्धा है, जो मुगल साम्राज्य को चुनौती देता है। वह मुगल सेना और साम्राज्य के खिलाफ क्रांति करता है, अपने साथ कई लोगों को जोड़ लेता है। इस फिल्म में अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव भी नजर आएंगे। हाल ही में इस अभिनेता का निधन हुआ। फिल्म में पवन कल्याण लीड रोल में हैं, निधि अग्रवाल हीरोइन हैं। इनके अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे।

# Surveen Chawla

## 'डिप्रेशन ने मुझे बदल दिया



Surveen Chawla Interview: हाल ही में 'राणा नायडू' और 'क्रिमिनल जस्टिस 4' जैसी सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री सुरवीन चावला अब 'मंडला मर्डर्स' को लेकर चर्चाओं में हैं। जानिए अभिनेत्री ने सीरीज को लेकर क्या कुछ बताया।सुरवीन चावला जल्द ही थ्रिलर सीरीज 'मंडला मर्डर्स' में नजर आएंगी। अभिनेत्री अपनी इस सीरीज को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में सुरवीन ने मेंटल हेल्थ, एक्टिंग करियर में आए उतार-चढ़ाव और डिप्रेशन से गुजरने के अनुभव साझा किए।बातचीत के दौरान सुरवीन चावला ने बताया कि मैं खुद कुछ साल डिप्रेशन से गुजरी हूं। यह वक्त 2015 के आसपास का था, जब मेरी एक हिंदी फिल्म रिलीज हुई थी। मेरे लिए उस समय उस फिल्म को करना बहुत हिम्मत का काम था। उन्होंने कहा कि जब कलाकार के पास विकल्प नहीं होते, तो वो दौर भीतर से तोड़ सकता है। जब आप अपने काम को गंभीरता से लेते हैं, तो वहां तक पहुंचने में वक्त लगता है। उस समय ने मुझे अंदर से झकझोर दिया था। लेकिन उसी दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया भी।इंडस्ट्री की अनिश्चितता को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि कभी-कभी हमें किसी सवाल का जवाब नहीं मिलता। आप सोचते हो कि ये चीज तो काम कर रही थी, फिर ये क्यों नहीं चली? ये सवाल हर कलाकार के मन में आता है,

# अध्ययन

## पीएलआई से मोबाइल विनिर्माण को मिली रफ्तार, आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्यातक बना भारत

अध्ययन में मोबाइल उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में वेतन वृद्धि का भी विश्लेषण किया गया है। इसके मुताबिक, दोनों क्षेत्रों में वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। खासकर निर्यात से जुड़ी भूमिकाओं में। यह वेतन और आय के स्तर पर मजबूत आर्थिक प्रभाव का संकेत है।भारत मोबाइल फोन उत्पादन (विनिर्माण) के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक पावरहाउस बन गया है। देश पिछले 10 साल में आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्यातक बन गया है। कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से कुल 20.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात किया गया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस) के अध्ययन के मुताबिक, भारत को मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत 2017 में हुई थी। यह परिवर्तन निरंतर सरकारी समर्थन, वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में रणनीतिक एकीकरण और 2020 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन



योजना के शुभारंभ का नतीजा है।भारत की असाधारण यात्रा के बारे में अध्ययन में बताया गया है कि देश 2014-15 में मोबाइल फोन का शुद्ध आयातक था। सरकार के समर्थन के दम पर अगले 10 साल में यानी 2024-25 में 24.1 अरब डॉलर के साथ मोबाइल फोन निर्यात का पावरहाउस बन गया, जबकि 2017-18 में यह सिर्फ 0.2 अरब डॉलर था। 11,950 फीसदी की यह आश्चर्यजनक वृद्धि भारत के मोबाइल विनिर्माण की दिशा में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है।सीडीएस का यह अध्ययन प्रोफेसर सी वीरमणि के नेतृत्व में तैयार किया गया है। वह कहते हैं, मोबाइल फोन निर्यात अब घरेलू मांग से आगे निकल गया है। देश 2018-19 से मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यातक बना हुआ है। भारत के मोबाइल फोन उत्पादन के घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) में प्रत्यक्ष और सहायक उद्योगों

# Gold Silver Price

**चांदी 4000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर, जानें क्या है सोने का भाव** बुधवार को चांदी की कीमत 4,000 रुपये की तेजी के साथ 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। वहीं सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।स्टॉकिस्टों की भारी खरीदारी के बीच बुधवार को चांदी ने नया शिखर छुआ। राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 4,000 रुपये की तेजी के साथ 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। वहीं सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020



रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये बढ़कर 1,00,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।पिछले तीन कारोबारी सत्रों में चांदी में 7,500 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सर्राफा व्यापारियों ने कहा कि चांदी बाजार में जारी तेजी का रुख मुख्य रूप से औद्योगिक मांग से प्रेरित है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सोने की मांग बनी हुई है। इसका मुख्य कारण 1 अगस्त की समय सीमा से पहले अमेरिका-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते की घटती उम्मीदें हैं। इस अनिश्चितता ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इससे निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ रहा है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी से भी कीमती धातु को समर्थन मिला है।

# ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, ₹3000 करोड़ के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल डी अंबानी को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है।हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी




अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच RAAGA (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दो एफआईआर सहित कई नियामक और वित्तीय निकायों से प्राप्त इनपुट पर आधारित है।रिपोर्ट्स के अनुसार अनिल अंबानी समूह से जुड़े वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के यहां भी तलाशी ली जा रही है। ईडी का दावा है कि उसे सार्वजनिक धन की हेराफेरी की एक सुनियोजित योजना के सबूत मिले

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा



और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है। सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।

बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612



















# AUS vs WI WCL




ली की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया, लिन ने 27 गेंद में 81 रन बनाए इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके दो अंक हैं।विश्व चैम्पियनशिप लीग ऑफ लीजेंड्स 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार को हुए मैचों की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज टीम को एकतरफा अंदाज में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने केवल 9.3 ओवर में ही दो विकेट पर 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। लिली ने 27 गेंद में 81 रन की तूफानी पारी खेली। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके दो अंक हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी। विलियम पर्किंस 10 रन और कप्तान गेल 15 गेंद में चार चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। फिर ड्वेन स्मिथ 20 गेंद में 22 रन और चैडविक वॉल्टन खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। लेंडल सिमंस ने 28 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 29 रन बनाए। वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। कीरोन पोलार्ड आठ गेंद में 10 रन बना सके। वहीं, ड्वेन ब्रावो ने 17 गेंद में 26 रन बनाए। एश्ले नर्स ने तीन रन बनाए। कॉटरेल छह रन और निकिता मिलर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पीटर सिडल ने तीन और नाथन कुल्टर नाइल ने दो विकेट लिए। इसके अलावा ली, स्टीव ओ कैफे और डार्सी शॉर्ट को एक-एक विकेट मिला।ऑस्ट्रेलियाई टीम को क्रिस लिन ने तूफानी शुरुआत दी। हालांकि, शॉन मार्श सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए।फिर लिन ने डार्सी शॉर्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी निभाई। लिन 27 गेंद में छह चौके और आठ छक्के की मदद से 81 रन की

# इंगलिस की तूफानी पारी से जीते कंगारू

## वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में भी हराया, मैक्सवेल ने की ओपनिंग

पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा।ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन



रन बनाकर नाबाद रहे।वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत सधी हुई रही थी

# Asia Cup Hockey

## टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाकिस्तान, सुरक्षा कारणों को बताई वजह



एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर हैपाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।' एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है।उन्होंने कहा, 'हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।' पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी।इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, 'हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज अलग बात है।

# ढाका में एसीसी की बैठक,

## बीसीसीआई वर्चुअली भाग लेगा, एशिया कप के मेजबान पर होगा फैसला






एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के संबंध में गतिरोध टूटता हुआ प्रतीत हो रहा है क्योंकि बीसीसीआई ढाका में होने वाली बैठक में वर्चुअल तौर पर भाग लेने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई ने शुरू में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का बहिष्कार किया था लेकिन अब वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेगा। एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में दूसरा देश श्रीलंका है क्योंकि भारत बांग्लादेश की यात्रा नहीं करेगा।एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में दूसरा देश श्रीलंका है क्योंकि भारत बांग्लादेश की यात्रा नहीं करेगा।एसीसीसी सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअल रूप से करेंगे जो एसीसी बोर्ड के नामित सदस्य हैं। एशिया कप के आयोजन स्थल पर अंतिम निर्णय लिया जाना है इसलिए बीसीसीआई ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेने का फैसला किया है।' बीसीसीआई ने अगस्त में अपने बांग्लादेश दौरे को पहले ही स्थगित कर दिया है। उसने पहले महाद्वीपीय संस्था से आयोजन स्थल बदलने का अनुरोध किया था। राजनीतिक अशांति और स्थिर सरकार के अभाव के कारण भारतीय बोर्ड पड़ोसी देश की यात्रा को लेकर संशय में है। उसने पहले महाद्वीपीय संस्था से आयोजन स्थल बदलने का अनुरोध किया था। राजनीतिक अशांति और स्थिर सरकार के अभाव के कारण भारतीय बोर्ड पड़ोसी देश की यात्रा को लेकर संशय में है।